झारखण्ड सरकार
कार्यालयः– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।
E-mail: dfobokarodivision@rediffmail.com Phone/Fax No : +91-6542-265142

GO GREEN
MOMENTUM JHARKHAND
The investment destination
GLOBAL INVESTOR SUMMIT 2017
16th & 17th February, Ranchi

पत्रांक :– 4036 दिनांक :– 8/12/16

सेवा में,

महाप्रबंधक,
सी0सी0एल0
बी0 एण्ड के0 एरिया।

विषय :– **सी0सी0एल0 की कोनार वाशरी एवं अन्य परियोजना हेतु 68.40 हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– सरकार के उप सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तत विभाग, झारखण्ड सरकार का पत्रांक 5455 दिनांक 01.12.2016, प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची के कार्यालय का ज्ञापांक 1090 दिनांक 07.12.2016 एवं वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो का ज्ञापांक 2236 दिनांक 08.12.2016.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न कर भेजते हुए अनुरोध है कि राज्य सरकार द्वारा पृच्छित सभी बिन्दुओं (कण्डिका–ग एवं कण्डिका–च को छोड़कर) का निराकरण प्रतिवेदन, वांछित अभिलेख सहित शीघ्र उपलब्ध कराया जाय, ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

*अनु0:–यथोक्त।*

विश्वासभाजन,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

O/C



D:\Office\D.F.O.Office Bokaro\F.C.Act\CCL\Konar Washery-68.40Ha..docx

MOMENTUM JHARKHAND

(31)

पत्र संख्या–वन भूमि–03/2016– व0प0

**झारखण्ड सरकार**

**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

प्रेषक,

**सुनील कुमार,**
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक,**
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांक – / /2016

विषयः– **सी0सी0एल0 की कोनार वाशरी एवं अन्य परियोजना हेतु 68.40 हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंगः– प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–1036 दिनांक–18.11.2016

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में विषयगत परियोजना से संबंधित निम्नलिखित बिन्दुओं पर अभिलेख/प्रतिवेदन विभाग को शीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय :–

(क) Details of alternatives examined संबंधी प्रतिवेदन।

(ख) प्रस्तावित परियोजना के Lease का status. ।

(ग) प्रस्ताव के पार्ट–II की कंडिका–4(ii) में वृक्षों के गणना सूची के कॉलम में Nil प्रतिवेदित है, जबकि गणना सूची में प्रस्तावित वनभूमि पर 18137 वृक्ष अवस्थित होने की सूचना दी गई है। उपरोक्त के आलोक में पार्ट–II की कंडिका–4(ii) में Online सुधार करते हुए संशोधित पार्ट–II की प्रति।

(घ) प्रस्तावित वनभूमि का सक्षम स्तर से duly authenticated land schedule. ।

(ङ) प्रस्तावित वनभूमि के संबंध में FRA के अंतर्गत निर्गत प्रमाण–पत्र (इस क्रम में हुई बैठकों की कार्यवाही के साथ)।

(च) प्रस्तावित वनभूमि के संबंध में मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड का मंतव्य।

(छ) नोडल पदाधिकारी के पत्र की कंडिका–12 में उललेख है कि जंगल–झाड़ भूमि का उपायुक्त, बोकारो द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र प्रस्ताव के साथ संलग्न है परन्तु प्रस्ताव में सन्निहित जंगल–झाड़ी से संबंधित उपायुक्त, बोकारो द्वारा निर्गत अनापति प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं है। प्रस्ताव में सन्निहित गैरमजरूआ जंगल–झाड़ भूमि के संबंध में अनापति प्रमाण–पत्र।

विश्वासभाजन

ह0/–

(सुनील कुमार)

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–वन भूमि–03/2016– 5455 व0प0, राँची, दिनांक– 01/12/16

प्रतिलिपि–प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची को प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में/उप महाप्रबंधक (पर्यावरण एवं वन) सी0सी0एल0 दरभंगा हाउस, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव

3185
06.12.16

E/16-वनभूमि LETTER-145

## कार्यालय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक 1090 दिनांक 07/12/16

**प्रतिलिपिः**– क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, बोकारो/वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो/वन प्रमंडल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमंडल, बोकारो/मुख्य महाप्रबंधक, (वन एवं पर्या0), सी0सी0एल0, दरभंगा हाउस, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि राज्य सरकार द्वारा पृच्छित सात बिन्दुओं में कंडिका 'च' को छोड़कर अन्य सभी बिन्दुओं का निराकरण प्रतिवेदन वांछित अभिलेख के साथ मंतव्य सहित उचित माध्यम से अविलम्ब उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

7/12/16

उप निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, राँची।

## कार्यालय :– वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

ज्ञापांक 2236, दिनांक 08/12/16

प्रतिलिपि :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि राज्य सरकार द्वारा पृच्छित सभी बिन्दुओं (कंडिका 'च' को छोड़कर) का निराकरण प्रतिवेदन वांछित अभिलेख के साथ अविलम्ब उपलब्ध कराने की कृपा किया जाय।

8/12/16
वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

(2)